


सांध्य दैनिक

# 4PM

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 10 ● अंकः 102 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, गुरुवार, 16 मई, 2024




किसी को सिर्फ अपने धर्म का सम्मान और दूसरों के धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए।
-अशोक


मूल्य ₹ 3/-



सैम करन की उम्दा पारी से पंजाब... 7 | मां, माटी, मानुष के बाद अब मुल्ला... 3 | पीएम की गलत नीतियों के शिकार... 2


# केजरीवाल-अखिलेश का दावा निकल जाएगी बीजेपी की हवा

## दोनों नेता बोले- बहुमत से बहुत पीछे रह जाएगी एनडीए

» चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो चुकी है

» हारने के बाद झूठ का विश्वविद्यालय खोलेंगे बीजेपी वाले

» बीजेपी बोली- पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष के साथ मिलकर बीजेपी व पीएम मोदी को घेरा था। एक दिन बाद एकबार फिर उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है, इसबार उन्होंने आप संयोजक व दिल्ली के सीएम के साथ मिलकर मोदी सरकार पर जमकर हमला किया है। दोनों नेताओं ने उत्तर प्रदेश की राजधानी में संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा है कि इसबार बीजेपी बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू पायेगी। 4 जून के बाद उसकी हवा निकलेगी।

यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश बोले 140 पर ही बीजेपी सिमट जाएगी तो केजरीवाल ने कहा 220 ज्यादा सीटें बीजेपी को नहीं मिलेंगी। वहीं दिल्ली के सीएम ने यह तक कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद योगी यूपी के सीएम पद से हटा दिए जाएंगे।

फोटोः सुमित कुमार





### मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी : आप संयोजक

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी जी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। सुमित्रा महाजन, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी इसका उदाहरण हैं। अगले साल 17 सितंबर को मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी ने धीरे-धीरे अमित शाह के रास्ते के कांटो को दूर कर किया।

### बीजेपी यूपी, दिल्ली और पंजाब में 99 के फेर में उलझ जाएगी : अखिलेश

अखिलेश यादव दिल्ली सीएम केजरीवाल के साथ प्रेस कांफ्रेंस में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 140 करोड़ की जनता इस बार इन्हें(भाजपा) 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में ये 99 सीटों के खेल में उलझ जाएंगे, यहां उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने ने कहा कि चार चरणों में बीजेपी चारों खाने चित्त हो चुकी है। उसके आसुंओं की नदी उफान पर है। बीजेपी जो 400 पार का नारा दे रही थी, उसे इसकी हकीकत चार चरणों बाद नजर आ रही थी। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी को 143 सीटें मिलने वाली हैं, क्यों बीजेपी 400 पार का नारा देखकर खुद यह बात कह रही है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में से 400 पार सिर्फ 143 सीटें ही बनती हैं। 140 करोड़ की जनता इस बार इनको 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। बीजेपी यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों के खेल में ही फुस्स हो जाएग।



### 14,17 और 22 में यही कह रहे थे : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ में डिप्टी सीए केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश और केजरीवाल की पीसी पर कहा कि देश और प्रदेश घूमने से पहले फिर से तिहाड़ जाने की तैयारी करें। पूरा देश मोदी जी के साथ है। इंडिया गठबंधन ठगबंधन है। अखिलेश यादव 2014,2017 ,और 2022 में क्या कहे थे। अखिलेश यादव और राहुल गांधी चुनाव हार रहे हैं। उन्होंने(कांग्रेस) 60 साल शासन किया और जब लोग भूख से मर रहे थे तो उन्हें याद नहीं आया? एक गरीब मां-बाप का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना और उसने गरीबों का चूल्हा शांत हो, उसका प्रबंध कर दिया तो झूठ बोलने की मशीन कांग्रेस और इंडिया गठबंधन 5 किलो अनाज की जगह 10 किलो अनाज देने की बात कर रहे हैं? इस समय पूरा देश खुशहाल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, लखनऊ में मैं उत्तर प्रदेश के मतदाताओं से इंडिया गठबंधन को वोट करने के लिए अपील करने आया हूं। लोकसभा चुनाव में देश भर से जो आंकड़े आ रहे हैं वह दिखा रहे हैं कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी 220 से कम सीटों तक सिमट जाएगी। बीजेपी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले चार पांच महीने से बीजेपी 400 पार का शोर मचा रही है, लेकिन हकीकत यह नहीं है।

### जनता में आंसुओं का उफान : सपा प्रमुख

अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है कि 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में भाजपा को करारी हार मिलेगी। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ आरक्षण को बचाना होगा। हारने के बाद ये झूठ का विश्वविद्यालय खोलेंगे।

# ईडी को 'सुप्रीम' निर्देशः कोर्ट में दाखिल केस तो न करें आरोपी को गिरफ्तार

» पीएमएलए की मिली शक्ति का नहीं कर सकते दुरुपयोग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (19 मई) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में की जाने वाली गिरफ्तारियों पर बड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत का संज्ञान ले लिया है तो ईडी प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के सेक्शन 19 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल कर आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। गिरफ्तारी के लिए ईडी को विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि जिस आरोपी को ईडी ने जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया, उस पर जमानत पाने के लिए पीएमएलए में दी गई की शर्त लागू नहीं होगी।

कोर्ट ने कहा है कि जब अदालत चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद ऐसे आरोपी को समन जारी करे और वह पेश हो जाए, तो उसे बेल मिल जाएगी। धारा 45 में दी गई जमानत की दोहरी शर्त उस पर लागू नहीं होगी. कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के बाद अगर ईडी ऐसे आरोपी को गिरफ्तार करना चाहती है, तो कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुयान की पीठ ने पीएमएलए कानून को लेकर फैसला दिया। पीठ ने कहा, अगर धारा 44 के तहत शिकायत के आधार पर पीएमएलए की धारा 4 के तहत अपराध का संज्ञान लिया जा चुका है। तब ईडी और उसके अधिकारी शिकायत में आरोपी बनाए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।



### ईडी को विशेष अदालत में देना होगा आवेदन

पीठ ने आगे कहा, अगर ईडी अपराध की आगे की जांच में आरोपी की हिरासत चाहती है और आरोपी पहले ही समन जारी होने पर पेश हो चुका है. ऐसे हालात में ईडी को विशेष अदालत में आवेदन कर आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। अदालत ने कहा, आरोपी का पक्ष सुनने के बाद विशेष अदालत को आवेदन पर आदेश पारित करना होगा। ईडी के आवेदन पर सुनवाई करते समय अदालत केवल तभी हिरासत की इजाजत दे सकती है, जब वह पूरी तरह से संतुष्ट हो कि कस्टडी में पूछताछ जरूरी है भले ही आरोपी को धारा 19 के तहत कभी गिरफ्तार नहीं किया गया हो।

# पीएम की गलत नीतियों के शिकार हो गए युवा : तेजस्वी

## » बोले- नौजवानों की शादी ही नहीं होने दे रहे मोदी, नौकरी मिलेगी तभी न मंगलसूत्र पहनाएगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम की गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा अधिक उम्र के हो गए और बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं यह नीति बनाई है कि 75 वर्ष की आयु होने पर मार्गदर्शक मंडली में जायेंगे, मुझे आशा है कि वह इसका पालन करेंगे। अगर अग्निवीर 22 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं तो मुझे उम्मीद है कि पीएम अपनी नीति पर चलेंगे।

तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए (बिहार में) ख़त्म हो गया है। जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई में ''चाचा'' और उसकेसहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से ''पूर्ण समर्थन'' मिल रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि तेजस्वी ने बिहार के मधुबनी जिले में एक रैली के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच दरार पैदा करने के स्पष्ट प्रयास के तौर पर यह टिप्पणी की। राजद नेता जिन्होंने कुमार के इंडिया गठबंधन से अचानक बाहर निकलने के परिणामस्वरूप बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपना पद खो दिया था। तेजस्वी ने कहा, ''चाचा को भाजपा ने अपहरण कर लिया होगा। लेकिन उन्होंने मुझे उन लोगों को सत्ता से बाहर करने को लेकर मार्गदर्शन किया था।



### सुन भाई सुन देश की धुन, इंडिया गठबंधन आ रहा 4 जून

मैंने आपको पहले ही बताया था -सुन भाई सुन देश की धुन, इंडिया गठबंधन आ रहा 4 जून। उन्होंने दावा किया कि जब तक उपमुख्यमंत्री था, लाखों अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 5 लाख नियुक्तियां हुई, किसी में भी पेपर लीक नहीं हुआ। जैसे ही नीतीश जी भाजपा के साथ गए पेपर लीक हो गया। पेपर लीक करने वाले भी एनडीए के ही नेता निकले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी नौजवानों का शादी ही नहीं होने दे रहे है, नौकरी मिलता तो शादी करता न! हमने 5 लाख नौकरी देकर कई नौजवानों का घर बसवाया, मंगलसूत्र पहनवाया। हम कलम बांटते है, आप तलवार बांटते है।

### तेजस्वी झूठों के सरदार, बताएं अब तक कितनों को नौकरी दी : गिरिराज



बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू के लाल तेजस्वी यादव को झूठों का सरदार कहा है। गिरिराज का कहना है कि तेजस्वी यादव ने एक भी नौकरी नहीं दी, वह झूठ बोल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने तेजस्वी को झूठों का सरदार कह दिया। बीजेपी नेता ने कहा कि तेजस्वी बताएं कि पांच-पांच विभाग लेकर उन्होंने कितने लोगों को नौकरी दी। तेजस्वी सिर्फ झूठ और जंगल राज का शो कर सकते हैं। बीजेपी के फायरब्रांड नेता ने तेजस्वी के साथ ही कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद पूरा गांधी परिवार यहां से भाग जाएगा, क्योंकि उनके पास वोट और जनता का सपोर्ट नहीं है, वोट और जनता का सपोर्ट नहीं रहेगा तो ये लोग देश में क्या करेंगे, उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को देश से कोई प्रेम नहीं है। तेजस्वी यादव का वह बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि इंडिया चुनाव हार गई है और हम अकेले काफी है, पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह एक तीतहिया था वह आता है तित करके चला जाता है. बीजेपी नेता ने कहा कि उनके पास जनता नहीं है, लेकिन हमारे पास नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का चेहरा है। कुर्मी, अति पिछड़ा, पिछड़ा, सभी लोगों का वोट बीजेपी को मिल रहा है। प्रियंका गांधी के पीएम मोदी के कपड़ों को लेकर किए गए बयान के जवाब में गिरिराज सिंह ने कहा कि हम महिलाओं पर कटाक्ष नहीं करते।

# भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल : मायावती

## » बोलीं- महंगाई से त्रस्त हैं लोग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है।

मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है। लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अत: इसके बदले वोट मांगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें। देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एण्ड कम्पनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।

### कांग्रेस के खाद्य सुरक्षा कानून की वजह से मिल रहा जनता को राशन : प्रियंका



प्रियंका गांधी ने ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के उमरान में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान मोदी सरकार पर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के लोग विकास, महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आपको राशन का अधिकार दिया इसलिए आपको राशन मिल रहा है। कांग्रेस ने मनेरगा योजना में 100 दिन के रोजगार का अधिकार दिया। प्रियंका ने कहा कि देश का गरीब किसान फसल के लिए, अपनी बेटी की शादी और बच्चों की शिक्षा के लिए कर्ज लेता है। किसान कर्ज नहीं भर पाता है।

### 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर लाए गए : अनुप्रिया



अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कमल के निशान को पार्टी का कप प्लेट निशान मान कर मतदान करने की अपील की। सम्मेलन में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में जब से एनडीए की सरकार आई है तब से कोई भी गांव व घर ऐसा नहीं जहां केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी न हों। हमारी सरकार ने गरीबों को पक्का घर, इज्जत घर, नि:शुल्क खाद्यान्न, रसोई गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं से लाभान्वित कर 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला।

# मोदी जी, कुर्सी हमेशा नहीं रहती, राष्ट्र ही रहता है : फारूक

## » बोले- सत्ता में बने रहने के लिए देश को बांट रहे मोदी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जम्मू कश्मीर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में बने रहने के लिए देश को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को याद रखना चाहिए कि वह भविष्य में सत्ता में नहीं रहेंगे, लेकिन देश जीवित रहेगा।

दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग के शांगस इलाके में एक सार्वजनिक रैली के बाद अब्दुल्ला ने कहा, हमें एक साथ रहना होगा। हमें देश को बचाना है। हमें बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करना होगा। वह (मोदी) अपनी कुर्सी के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा, कुर्सी हमेशा नहीं रहती, राष्ट्र ही रहता है। वह जैसा राज बनाने की कोशिश कर रहे हैं वह विनाशकारी साबित होगा। अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कि वह धार्मिक कार्ड खेल रहे हैं, नेकां अध्यक्ष ने कहा, मैं धार्मिक कार्ड नहीं खेल रहा हूं। हमारा धर्म हमें अच्छी चीजें सिखाता है। कोई भी धर्म बुरा नहीं है। यह लोग बुरे हैं, जो इसका गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, क्या राम सिर्फ हिंदुओं के लिए हैं? राम केवल हिंदुओं के नहीं थे, राम विश्व के राम थे। वह सभी के हैं। पीएम मोदी क्या कर रहे हैं? वह क्या दिखाना चाह रहे हैं? क्या वह वह अशांति, वह घृणा नहीं पैदा कर रहे हैं? दिल्ली में आयकर कार्यालय में आग लगने की घटना पर नेकां नेता ने कहा कि भाजपा सच्चाई छिपाना चाहती है क्योंकि वे जानते हैं कि वे चुनाव हार रहे हैं। हां, यह (आग लगा दी गई है) किया गया है। क्या आपने इसे नहीं देखा? आपको इसे देखना चाहिए।



### अगर केंद्र ने प्रतिबंध हटाया तो लड़ेंगे विस चुनाव : गुलाम कादिर



जम्मू कश्मीर जमात-ए-इस्लामी के पूर्व अध्यक्ष गुलाम कादिर वानी ने कहा कि अगर केंद्र सरकार की तरफ से उन पर से बैन हटा दिया जाता है तो उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। गुलाम कादिर ने कहा, हम केंद्र सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम अपना प्रतिबंध हटाना चाहते हैं और समाज में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। अगर प्रतिबंध हटा दिया जाता है, तो हम चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। गुलाम कादिर वानी ने सोमवार को श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान के दौरान अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि उनका संगठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास करता है और पहले भी चुनावों में हिस्सा ले चुका है। वानी ने कहाकि हम विधानसभा चुनाव में भाग लेंगे क्योंकि हमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास है। हम पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं। गौरतलब है कि संगठन ने 1987 के बाद से किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लिया है।




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सांप्रदायिक कटुता बढ़ा रहे : शरद पवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल के दिनों में अपनाया गया रुख विभिन्न समुदायों को पास लाने के बजाय देश में सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ा सकता है। पवार महाराष्ट्र के डिंडोरी (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र में अपनी पार्टी के उम्मीदवार भास्कर भगारे के पक्ष में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। भगारे का मुकाबला भाजपा सांसद और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पवार से है।

पवार ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनके रुख से विभिन्न धर्मों और जातियों के बीच सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ सकता है। मैंने आज नासिक में उनका भाषण सुना, और यह मेरी अपेक्षाओं के अनुरूप था। उनका रुख ऐसा होना चाहिए था जिससे विभिन्न समुदाय और धार्मिक समूह करीब आते। पवार ने क्षेत्र में पानी की कमी का भी जिक्र किया। नासिक जिले में पानी की उपलब्धता और उसका वितरण मुद्दा है। उपलब्ध पानी का कुछ हिस्सा गुजरात की ओर भेज दिया।





# बंगाल में 'म' का सियासी जाल

# मां, माटी, मानुष के बाद अब मुल्ला मदरसा, माफिया का शोर

- टीएमसी व बीजेपी में वार-पलटवार
- ममता बनर्जी पर भड़के अमित शाह
- अपने पहले स्लोगन को छोड़ नए पर आईं ममता : गृहमंत्री
- शाह ने अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने के लिए भी ममता की आलोचना की

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। पांचवे चरण के मतदान के लिए सियासी मैदान पर फिर तैयारी शुरू हो गई है। बंगाल में चार चरणों में जबरदस्त वोटिंग हुई। टीएमसी व बीजेपी इसमें अपनी-अपनी पार्टियों को ज्यादा से ज्यादा सीटें मिलने का दावा कर रहे हैं। बीजेपी ने अपने सारे बड़े नेताओं को बचे हुए दौरों के लिए प्रचार अभियान में झोंक दिया है। इसी क्रम में गृहमंत्री व बीजेपी के दिग्गज नेता अमित शाह ने मोर्चा संभाल लिया है। वह लगातार बंगाल के दौरे कर रहे हैं। वहां पर बीजेपी की जनसभाओं में वह टीएमसी व ममता सरकार पर हमला करने का कोई भी मौका नही छोड़ रहे हैं। अब उन्होंने मुल्ला, मदरसा, माफिया का मुद्दा उठाकर वहां की सियासत की तपिश बढ़ा दी है।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर एक बार फिर निशाना साधा है। अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार मां, माटी, मानुष के वादे पर सत्ता में आई थी, लेकिन अब मुल्ला मदरसा और माफिया की खातिरदारी कर रही है। अमित शाह ने यह बात उत्तर 24 परगना के बोनगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कही। ममता सरकार पर हमलावर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार ने इमामों को मासिक सैलरी दी, लेकिन पुजारियों और मंदिरों की देखरेख करने वालों को एक पैसा भी नहीं दिया. उन्होंने कहा, टीएमसी मां, माटी, मानुष के नारे पर सत्ता में आई थी। लेकिन उनका ध्यान अब मुल्ला, मदरसा, माफिया पर केंद्रित हो गया है। यहां इमामों को महीने पर तनख्वाह दी जाती है,लेकिन पुजारियों और मंदिरों के रखवालों को कुछ नहीं मिलता। हालांकि ताजिया (मुहर्रम पर जुलूस) में कोई बाधा नहीं है, लेकिन दुर्गा पूजा और काली पूजा पर विसर्जन जुलूस निकालने में नियमित बाधाएं हैं, क्या इसे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। अमित शाह ने अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने के लिए भी ममता बनर्जी की आलोचना की। औपचारिक निमंत्रण मिलने के बावजूद, वह एक निश्चित वोट बैंक को खुश करने के लिए उद्घाटन समारोह (राम मंदिर में) में शामिल नहीं हुईं। उनके वोट बैंक आप (लोग) नहीं बल्कि घुसपैठिए हैं. वह अपने वोट बैंक को गलत तरीके से नष्ट करने से डरती हैं।



## बीजेपी का झूठ नहीं चलेगा: ममता

नादिया के कल्याणी में एक रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि गारंटी बाबू (मोदी की गारंटी पर कटाक्ष) पश्चिम बंगाल को बदनाम कर रहे हैं। अब, जब सच्चाई सामने आ रही है (कथित वीडियो का जिक्र है), तो वे टीवी चैनलों से उन्हें न दिखाने के लिए कह रहे हैं। वे सच्चाई को छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में नहीं लौटेंगे। संदेशखाली विवाद पर भारतीय



जनता पार्टी (भाजपा) पर झूठफैलाने का आरोप लगाते हुए बनर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एकमात्र गारंटी यह है कि मोदी सत्ता में नहीं लौट रहे हैं। इंडिया ब्लॉक 295 से 315 सीटें हासिल करेगा। भाजपा अधिकतम 200 तक सीमित रहेगी। बीजेपी और पीएम इस मुद्दे पर झूठ फैला रहे हैं। भाजपा ने राज्य की महिलाओं की छवि खराब करने की साजिश रची। बंगाल के बैरकपुर में अपनी चुनावी रैली के दौरान, प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस संदेशखली में अपने पिछले कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रही है, जहां सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप लगाया गया है।

## टीएमसी के निशाने पर आई राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष

4 मई को संदेशखली पर स्टिंग वीडियो सामने आने के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ हमलावर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत भी की। राज्य की महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री शशि पांजा ने कहा कि इससे पहले हमने केंद्र के कई आयोगों के प्रतिनिधिमंडलों को संदेशखाली का दौरा करते देखा था। कल, एक वीडियो सामने आया जिसमें एक महिला को यह कहते हुए देखा जा सकता है कि कैसे महिला आयोग ने ग्रामीणों को बलात्कार की शिकायत दर्ज करने के लिए लगभग मजबूर कर दिया। हम पहले ही भाजपा नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में जा चुके हैं। अब हम एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ ईसीआई का रुख करेंगे। एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने 19 फरवरी को संदेशखाली के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और गांव की महिलाओं से बात की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा था कि उन्हें 18 शिकायतें मिलीं जिनमें से दो बलात्कार की शिकायतें थीं। पुलिस और सरकार शिकायतें दर्ज नहीं कर रहे थे।

## बंगाल पूरी तरह अराजकता के आगोश में : शाह

शाह ने ममता बनर्जी को चेतावनी देते हुए कहा कि घोटालों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। कट मनी से लेकर घुसपैठ तक, बम विस्फोटों से लेकर भतीजे (सीएम के भतीजे अभिषेक बनर्जी) के गुंडों द्वारा लोगों को परेशान करने तक, सिंडिकेट से राज से लेकर पूरी तरह से अराजकता तक, बंगाल पूरी तरह से अराजकता की स्थिति में है. सिर्फ नरेंद्र मोदी-जी ही राज्य को चिटफंड घोटाले, शिक्षक भर्ती घोटाले, नगर निगम भर्ती घोटाले, राशन घोटाले में डूबने से बचा सकते हैं. शाह ने कहा कि गाय और कोयला तस्कर जेल जाने के लिए तैयार रहें, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएए पर सीएम ममता बनर्जी भ्रम फैला रहीं हैं

ममता बनर्जी पर सीएए को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय कानून पर लोगों को गुमराह कर रही हैं. इन कानूनों का मकसद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए अप्रवासी अल्पसंख्यकों को शरण और स्थायी निवास देना है। अमित शाह ने कहा, ममता बनर्जी लोगों को यह कहकर गुमराह कर रही हैं कि सीएए से लोगों के लिए मुसीबतें खड़ी हो सकती हैं. मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस कानून का मकसद किसी को कोई नुकसान पहुंचाना नहीं है। सभी वास्तविक नागरिक यहां सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकते हैं. दुनिया की कोई ताकत हिंदू, सिख और जैन शरणार्थियों को देश का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती. सीएए का मकसद बांग्लादेश से आए मतुआओं समेत उत्पीड़न का शिकार अल्पसंख्यकों को स्थायी निवास प्रदान करना है। टीएमसी सीएए का विरोध कर घुसपैठियों को भारतीय नागरिक बनाने की कोशिश कर रही है। मैं ममता बनर्जी को याद दिलाना चाहता हूं कि नागरिकता देने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है, न कि राज्य सरकारों के पास, शाह ने यह आश्वासन दिया कि अगर बीजेपी बंगाल में सत्ता में आती है तो उत्तर 24 परगना में बोंगांव और अन्य जगहों पर रहने वाले मतुआ समुदाय, सीएए के तहत अधिकारों का लाभ उठा सकेगा. उन्होंने कहा कि लोकसभा की 380 सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुका हैं, जिसमें 18 सीटें बंगाल की भी शामिल हैं. मतदान के चार चरण पूरे हो चुके हैं. जिन 380 सीटों पर मतदान हो चुका है, उनमें से पीएम मोदी ने 270 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है, हमें अब 400 से अधिक सीटें पार करनी हैं।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# ढुलमुल रवैये से कब बाहर निकलेंगी सरकारें

> शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि कोई भी राज्य वन विभाग के अधिकारियों या विभाग की गाड़ियों को चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाएगा। यहां विचार करने योग्य बात ये है कि आखिर कब तक सरकारें सब चलता है की लाइन पर चलेंगी। इस तरह की ढुलमुल रवैये को बदलना पड़ेगा ,नहीं तो यह देश के लिए भी नुकसानदायक होगा। अब जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा उसे भी अब सरकारों को चुनाव में सवाल पूछना चाहिए कि उनको सांसे देने वाले जगलों को वह क्यों नही बचातीं।

*अपने देश में एक बड़ी विचित्र बात है। जनता के द्वारा चुनी गई सरकार किसी भी समस्या को गंभीरता से तब तक नहीं लेती जब तक की उस पर कोर्ट की मुहर या कहें फटकार न लग जाए। अब ताजे मामले में शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड के जंगलों में आग के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को अपर्याप्त धन और वन विभाग के कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगाए जाने को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि कोई भी राज्य वन विभाग के अधिकारियों या विभाग की गाड़ियों को चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाएगा। यहां विचार करने योग्य बात ये है कि आखिर कब तक सरकारें सब चलता है की लाइन पर चलेंगी। इस तरह की ढुलमुल रवैये को बदलना पड़ेगा ,नहीं तो यह देश के लिए भी नुकसानदायक होगा। अब जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा उसे भी अब सरकारों को चुनाव में सवाल पूछना चाहिए कि उनको सांसे देने वाले जगलों को वह क्यों नही बचातीं।*

*दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जंगल की आग से निपटने में लचर रवैये को लेकर उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी को तलब करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। दूसरी तरफ, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को भी कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि जब स्थितियां बदतर थीं तब आपने हमें दिखाया कि चीजें बहुत अच्छी हैं। उसने केंद्र से पूछा कि आग से निपटने के लिए राज्य को जरूरी फंड क्यों नहीं दिया गया। उत्तराखंड के जंगलों में पिछले साल नवंबर से ही आग लगी हुई है। सुप्रीम कोर्ट मई की शुरुआत से ही इस मुद्दे पर सुनवाई कर रहा है। उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जंगल की आग से निपटने में राज्य सरकार का रवैया बहुत लचर रहा है। कोर्ट ने कहा कि ऐक्शन प्लान तैयार था और उसे अंतिम रूप दिया जा चुका है लेकिन उसे लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। उत्तराखंड के वन विभाग में बड़ी तादाद में खाली पदों को लेकर कहा कि इस मुद्दे के भी समाधान की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगा है कि आग बुझाने के लिए सेंट्रल फंड का इस्तेमाल क्यों नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से चीफ सेक्रटरी से ये भी बताने के कहा है कि वन विभाग में इतनी रिक्तियां क्यों हैं, आग बुझाने के उपकरणों की कमी क्यों है और चुनाव आयोग से विशिष्ट छूट के बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों की इलेक्शन ड्यूटी क्यों लगी है। अब उम्मीद की जानी चाहिए की सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद राज्य व केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी समझेंगे।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# गारंटी में शामिल हो खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता भी

देविंदर शर्मा

नस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन द्वारा बेबी फूड फॉर्मूलेशन में चीनी की अधिक मात्रा के आरोपों को 'नस्लीय तौर पर रूढ़िबद्ध धारणा' और असत्य के रूप में नकारने को संदेहास्पद के तौर पर ही लिया जाना चाहिए। मीडिया में उनके हवाले से कहा गया कि पोषण पर्याप्तता अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है। विश्व स्तर पर उम्र के हिसाब से व्यंजन तैयार किए गए हैं जहां बढ़ते बच्चों को ऊर्जा सघन उत्पादों की आवश्यकता होती है। इसलिए यूरोपीय बच्चे और भारत या दुनिया के किसी अन्य हिस्से में एक बच्चे के बीच भेद नहीं किया जाता है।

नारायणन स्विटजरलैंड स्थित एनजीओ थर्ड आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) की रिपोर्ट में कंपनी पर दोहरे मानदंड अपनाने संबंधी आरोपों के बारे में प्रकाशित समाचारों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। जिसके मुताबिक यूरोप में बेचे जाने वाले उत्पादों की तुलना में भारत व विकासशील देशों में बेचे जाने वाले शिशु-आहार अनाजों (सेरेलैक) में चीनी की उच्च मात्रा विद्यमान है। 'भारत में हमें आवश्यकता है, यही कारण है कि हमने इसे शामिल किया है, लेकिन उन स्तरों पर जो स्थानीय नियामक द्वारा निर्दिष्ट की तुलना में भी बहुत कम हैं और मुझे लगता है कि किसी को भरोसा रखना होगा कि स्थानीय नियामक जानता है कि क्या है जो हम वहां डाल रहे हैं। इसलिए ऐसा नहीं है कि मानकों में यह कोई नाटकीय बदलाव किया गया है।' वे कहते हैं कि 'मातृ आहार की कुछ आदतों, कच्चे माल की स्थानीय उपलब्धता व स्थानीय नियामक की जरूरतों जैसी अलग-अलग धारणाओं' के आधार पर फॉर्मूलेशन को स्थानीय रूप से उत्पाद में ढाला जाता है।' इस बयान के जरिये जो कुछ भी कहा गया है यदि वह सच है, तो कोई कारण नहीं दिखता कि उपभोक्त मामलों के मंत्रालय को नियामक एजेंसी - भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को नेस्ले के खिलाफ 'उचित कार्रवाई' का निर्देश देना चाहिए था।

निर्देश के बाद, एफएसएसएआई ने नेस्ले बेबी फूड उत्पादों की संरचना से संबंधित विवाद की जांच पहले ही शुरू कर दी है। और मैं यहां यह भी जोड़ना चाहूंगा, आरोपों की जांच के लिए सख्त निर्देश के बावजूद यकीन नहीं है कि





वादे के मुताबिक जांच अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचेगी। यदि एफएसएसएआई ने पहले तो अपने कड़े मानक तय करने में सख्ती से काम लिया होता, फिर इसके साथ ही कड़ाई से इनको लागू किया होता, तो कोई भी विशाल खाद्य कंपनी भारतीय बाजार को इतने हल्के रूप में न लेती। मैं यहां उस बयान को दोहरा रहा हूं- आरोपों के खंडन संबंधी नेस्ले का वह बयान स्वयं ही स्पष्ट तौर पर दोषों को उजागर करता है जब वह कहता है, 'भारत में हमें आवश्यकता है, यही कारण है कि हमने इसे मिलाया है, लेकिन उन स्तरों पर जो यहां तक कि स्थानीय नियामक द्वारा निर्दिष्ट स्तर से भी बहुत कम हैं।' यदि आप इस कथन को देखें, तो यह सवाल तुरंत उठता है कि भारत में ऐसी आवश्यकता कहां है जिसने कंपनी को शिशु आहार में चीनी की ज्यादा मात्रा डालने के लिए प्रेरित किया? बेबी फूड कंपनियों को भारत में बेचे जाने वाले अपने उत्पादों में अधिक चीनी मिलाने के लिए आखिर कहा किसने है? मैंने भारत में पोषण संबंधी संस्थाओं का कोई अध्ययन या रिपोर्ट ऐसी नहीं देखी जो शिशु आहार में ऊर्जा प्रदाता के तौर पर ज्यादा मात्रा में चीनी मिलाने की जरूरत बताता हो। वहीं, नेस्ले का कहना है कि उसने प्रति 100 ग्राम फ़ीड में केवल 7.1 ग्राम चीनी डाली है, और वह भी एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित 13.6 ग्राम की स्वीकार्य सीमा के मुकाबले बहुत कम, यह बयान मामले का एक और गंभीर पहलू उजागर करता है। इससे पता चलता है कि एफएसएसएआई के मानक कितने ढीले हैं, जिससे एक हाथी को भी गुजरने की इजाजत मिल जाती है। एफएसएसएआई को वह डेटा जारी करने के लिए कहा जाना चाहिए जिसके आधार पर उसने शिशु आहार में चीनी की स्वीकार्य सीमा निर्धारित की है। एफएसएसएआई को इससे बच निकलने नहीं दिया जा सकता है।

एफएसएसएआई ने मानक तय करने के लिए 26 वैज्ञानिक समितियां गठित की हैं और फिर भी यदि मानदंडों में इतनी ढील दी गई है तो यह स्पष्ट हो जाता है कि 'हितों का टकराव' अक्सर चर्चा की तुलना में कहीं अधिक बड़ा है। जैसा कि वरिष्ठ विज्ञान टिप्पणीकार दिनेश सी शर्मा कहते हैं 'वर्षों से, उपभोक्ता समूह और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ उच्च नमक, चीनी और वसा वाले खाद्य उत्पादों के लिए एक अलग हेल्थ लेबल की मांग कर रहे हैं, लेकिन खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण और उद्योग ने लगातार इसका विरोध किया है।

# स्वस्थ जीवनशैली उम्र में कर सकती है इजाफा



मुकुल व्यास

स्वस्थ जीवनशैली उम्र पर आनुवंशिकी के प्रभाव को 60 प्रतिशत से अधिक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल और जोड़ सकती है। यह बात अच्छी तरह से स्थापित है कि कुछ लोगों में आनुवंशिक कारणों से कम जीवनकाल की प्रवृत्ति होती है। यह भी सर्वविदित है कि जीवनशैली से जुड़ी कुछ बातें, विशेष रूप से धूम्रपान, शराब का सेवन, आहार और शारीरिक गतिविधि, दीर्घायु पर प्रभाव डाल सकती हैं। अभी तक यह समझने के लिए कोई जांच नहीं हुई थी कि एक स्वस्थ जीवनशैली आनुवंशिकी को किस हद तक संतुलित कर सकती है। लेकिन अब कई-कई दीर्घकालिक अध्ययनों के निष्कर्ष सामने आए हैं जिससे पता चलता है कि एक स्वस्थ जीवनशैली जीवन को छोटा करने वाले जीन के प्रभावों को 62 प्रतिशत तक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल तक बढ़ा सकती है।

दरअसल, इन अध्ययनों के परिणाम बीएमजे एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन जीवनकाल पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम करने में स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उनका यह भी मानना है कि जीवनशैली में सुधार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक के रूप में काम कर सकती हैं। मानव जीवन पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम कर सकती हैं। एक अध्ययन में यूके बायोबैंक में 353,742 लोगों को शामिल किया गया। इस अध्ययन से पता चला कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों में कम आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों की तुलना में समय से पहले मृत्यु का खतरा 21 प्रतिशत अधिक होता है, भले ही उनकी जीवनशैली कुछ भी हो। इस बीच, चीन में झेजियांग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और एडिनबरा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली वाले लोगों में जल्दी मौत की संभावना 78 प्रतिशत बढ़ जाती है, भले ही आनुवंशिक जोखिम जो भी हो। अध्ययन में कहा गया है कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और कम जीवनकाल के जीन वाले लोगों में भाग्यशाली जीनों और स्वस्थ जीवनशैली वाले लोगों की तुलना में समय पूर्व मौत का खतरा दोगुना हो जाता है।

हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि कम उम्र या समय से पहले मौत के आनुवंशिक जोखिम को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लगभग 62 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उनका कहना है कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोग स्वस्थ जीवनशैली के साथ 40 वर्ष की आयु में लगभग 5.22 वर्ष की जीवन प्रत्याशा बढ़ा सकते हैं। लंबे जीवन के लिए आदर्श जीवनशैली में धूम्रपान न करना, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और स्वस्थ आहार शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने अध्ययन में औसतन 13 वर्षों तक लोगों का अनुसरण करने के बाद अपने निष्कर्ष निकाले हैं। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष में स्वास्थ्य सूचना और प्रचार प्रबंधक मैट लैम्बर्ट ने कहा कि इस नए शोध से पता चलता है कि आनुवंशिक कारकों के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली जीने से हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है।

एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम के कारण शरीर के भीतर होने वाली प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा जटिल और दूरगामी होती है। अमेरिका के वैज्ञानिकों के नए अध्ययन में पता लगाया है कि शारीरिक गतिविधियों के कारण जानवरों के सभी 19 अंगों में कई तरह के कोशिकीय और आणविक परिवर्तन होते हैं। व्यायाम कई बीमारियों के खतरे को कम करता है, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि व्यायाम शरीर को आणविक स्तर पर कैसे बदलता है। अधिकांश पिछले अध्ययनों ने एक ही अंग या लिंग पर ध्यान केंद्रित किया और इनमें सिर्फ एक या दो तरह के डेटा शामिल किए किए। व्यायाम के जीव विज्ञान पर अधिक व्यापक नजर डालने के लिए अमेरिका के मॉलिक्यूलर ट्रांसड्यूसर ऑफ़ फिजिकल एक्टिविटी कंसोर्टियम के वैज्ञानिकों ने चूहों में शारीरिक गतिविधि से होने वाले आणविक परिवर्तनों का विश्लेषण करने के लिए प्रयोगशाला में तकनीकों की एक श्रृंखला का उपयोग किया। ये चूहे कई हफ्तों तक गहन व्यायाम के दौर से गुजरे थे। वैज्ञानिकों के दल ने जानवरों के हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों जैसे अंगों के ऊतकों की एक श्रृंखला का अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि प्रत्येक अंग व्यायाम के साथ बदलाव देखा गया। इससे शरीर को प्रतिरक्षा प्रणाली को विनियमित करने और तनाव का जवाब देने में मदद मिली। वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि व्यायाम लीवर, हृदय रोग और ऊतक की चोट से जुड़े मार्गों को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित हुआ।

विज्ञानियों द्वारा एकत्र डेटा से मानव स्वास्थ्य की अलग-अलग स्थितियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। शोधकर्ताओं ने इस बात का संभावित स्पष्टीकरण पाया कि व्यायाम के दौरान लीवर कम फैटी क्यों हो जाता है। इससे अल्कोहल के सेवन के बगैर होने वाले फैटी लीवर रोग के लिए नए उपचार के विकास में मदद मिल सकती है। टीम को उम्मीद है कि उनके निष्कर्षों का उपयोग एक दिन किसी व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप व्यायाम निर्धारित करने या व्यायाम करने में असमर्थ लोगों के लिए शारीरिक गतिविधि के प्रभावों के अनुसरण करने वाले उपचार विकसित करने के लिए किया जा सकता है।




## सेलुलर जेल

पोर्ट ब्लेयर की सेल्युलर जेल को काला पानी के नाम से जाना जाता है। यह जगह बहुत लोकप्रिय है। इस ऐतिहासिक जेल का निर्माण अंग्रेजों के जमाने में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेज यहीं कैद करते थे। इस जेल में तेल की मिल है, जहां कैदी काम किया करते थे। इसके अलावा यहां नेताजी गैलरी, फांसी कक्ष और एक पुस्तकालय (जहां स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी पुस्तकों का संग्रह है) भी है।

## माउंट हैरियट नेशनल पार्क

पोर्ट ब्लेयर से लगभग 43 किमी दूर माउंट हैरियट नेशनल पार्क है, जहां सैकड़ों पौधों की प्रजातियों का संग्रह है। इसके अलावा स्तनधारियों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां यहां देखने को मिलती हैं। सरीसृपों, समुद्री कछुओं, हाथी आदि की अनूठी किस्मों को भी देख सकते हैं। हनीमून पर जा रहे हैं या पार्टनर के साथ यात्रा पर हैं तो इस पार्क के सनसेट पॉइंट पर जाना न भूलें। यहां से जो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है, उसे भुला पाना नामुमकिन है।



# पोर्ट ब्लेयर

## यहां गर्मियों में होगा ताजगी का अहसास



मालदीव घूमने का सपना देखने वाले भारत में ही उस जैसे खूबसूरत नजारों वाली जगह की सैर कर सकते हैं। भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पर्यटन स्थल यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां का नजारा मालदीव से कम नहीं। अंडमान और निकोबार की राजधानी पोर्ट ब्लेयर पर्यटकों के बीच लोकप्रिय स्थलों में से एक है। यहां कई समुद्री राष्ट्रीय उद्यान और संग्रहालय हैं। ऐतिहासिक और शांत समुद्री तटों का अनुभव लेना चाहते हैं तो पोर्ट ब्लेयर घूमने जा सकते हैं। पोर्ट ब्लेयर में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थल हैं, जिनमें कई समुद्र तट, सेल्यूलर जेल, नौसेना समुद्री संग्रहालय और माउंट हैरियट नेशनल पार्क भी शामिल हैं। यहां का महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान सबसे पुराना है।

## चिड़िया टापू

पोर्ट ब्लेयर से 17 किलोमीटर दूर स्थित एक द्वीप अद्भुत नजारों और फोटोग्राफी के लिए प्रसिद्ध है। यह द्वीप घने जंगल से घिरा है। यहां दुनियाभर के पक्षियों की कई प्रजातियां पायी जाती हैं। बर्ड वॉचिंग के अलावा सूर्यास्त का मनमोहक नजारा भी देख सकते हैं।

## महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान

पोर्ट ब्लेयर घूमने जाएं तो मरीन पार्क की सैर जरूर करें। पोर्ट ब्लेयर से लगभग 18 किमी दूर वंदूर बीच के किनारे एक समुद्री पार्क बना है, जिसका नाम महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, जिसे वंदूर नेशनल पार्क भी कहते हैं। यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समुद्री जीवन की झलक देख सकते हैं। इस उद्यान को समुद्री जीव के संरक्षण के लिए बनाया गया है। इस पार्क में खारे पानी के मगरमच्छ, तारामछली, कछुआ देखने को मिलते हैं। एडवेंचर के शौकीन लोग यहां स्नॉर्कलिंग, स्कूबा डाइविंग, कांच के नीचे नावों पर सवारी कर सकते हैं।

## सामुद्रिका नेवल मरीन संग्रहालय

पोर्ट ब्लेयर के डेलानीपुर में समुद्री संग्रहालय बना है। इस संग्रहालय में विभिन्न समुद्री वनस्पतियों और जीवों का समृद्ध भंडार है। अंडमान द्वीप समूह में पाए जाने वाले कोरल, शेल और मछलियों के विभिन्न संग्रह को देख पाएंगे। एक ब्लू व्हेल का कंकाल भी रखा है, जिसे देखने के लिए पर्यटक आते हैं। संग्रहालय में समुद्री मछलियों की लगभग 350 किस्म मौजूद है। सोमवार को संग्रहालय बंद रहता है। बाकी दिन सुबह 9:00 से 12:00 बजे तक और शाम को 2:00 से 5:00 बजे तक मरीन संग्रहालय पर्यटकों के लिए खुला रहता है।

## हंसना मना है

टीचर- कल क्यों नहीं आया? पप्पू- नहीं बताऊंगा? टीचर चांटा मारकर- जल्दी बता, पप्पू- दिवाली पर गर्लफ्रेंड के साथ था। टीचर- इतना छोटा होके भी गर्लफ्रेंड के साथ घूमता है, कौन थी वो लड़की? पप्पू- आपकी बेटी!!

सुनसान सड़क पर एक आवारा लड़का लड़की को देखकर बोला- मेरे साथ चलोगी? लड़की- कहां? लड़का- जहां तुम कहो..!! लड़की- अच्छा, तो पुलिस स्टेशन चलते हैं...!! लड़का- लो बताओ, अब बंदा अपनी बहन से मजाक भी नहीं कर सकता...!!

लड़की ट्रेन में एक लड़के से बोली- क्या मैं यहां बैठ सकती हूं? लड़का- हां हां, बिल्कुल, अपनी ही सीट समझो...! लड़की- क्या मैं आपकी बोतल से थोड़ा पानी पी सकती हूं? लड़का- हां हां, जरूर...! लड़की- अगला स्टेशन कौन-सा है भैया? लड़का- मेरे दिमाग में कोई जीपीएस नहीं लगा है....!! जल्दी सीट खाली करो, मुझे नींद आ रही है..

एक हाथी ने रोमांटिक मूड में एक चींटी को छेड़ दिया, चींटी गुस्से में हाथी की बीवी के पास गई और बोली, अपने आवारा शौहर को संभाल लो, वर्ना मर्द हमारे भी छिछोरे हैं और बाहर तुम भी निकलती हो..!!

## कहानी | बाल गणेश और घमंडी चंद्रमा

हर किसी को मालूम है कि गणेश जी को मोदक और मिठाई कितनी पसंद है। इसलिए वो किसी के भी निमंत्रण को स्वीकार कर लेते हैं और पेट के साथ ही मन भर कर मिठाई खाते हैं। एक बार धनपती कुबेर ने भगवान शिव और माता पार्वती को भोज पर बुलाया, लेकिन भगवान शिव ने कहा कि मैं कैलाश छोड़कर कहीं नहीं जाता हूं और पार्वती जी ने कहा कि मैं अपने स्वामी को छोड़कर कहीं नहीं जा सकती, तब उन्होंने कहा कि आप हमारे स्थान पर गणेश को ले जाओ, वैसे भी उन्हें मिठाई और भोज बहुत पसंद आते हैं। तब कुबेर गणेश जी को अपने साथ भोज पर ले गए। वहां उन्होंने मन भर कर मिठाई और मोदक खाए। वापस आते समय कुबेर ने उन्हें मिठाई का थाल देकर विदा किया। लौटने समय चन्द्रमा की चांदनी में गणेश जी अपने चूहे पर बैठकर आ रहे थे, उसी समय अचानक चूहे का पैर किसी पत्थर से लगकर डगमगाने लगा। इससे गणेशी जी चूहे के ऊपर से गिर गए और पेट ज्यादा भरा होने के कारण अपने आप को संभाल नहीं सके और मिठाइयां भी यहां-वहां गिर गईं। यह सब चन्द्र देव ऊपर से देख रहे थे। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को गिरता देखा, तो अपनी हंसी रोक नहीं पाए और उनका मजाक उड़ाते हुए बोले कि जब खुद को संभाल नहीं सकते, तो इतना खाते क्यों हो। चन्द्रमा की बात सुनकर गणेश जी को गुस्सा आ गया। उन्होंने सोचा कि घमंड में चूर होकर चन्द्रमा मुझे उठाने के लिए किसी प्रकार की सहायता नहीं कर रहा है और ऊपर से मेरा मजाक उड़ा रहा है। इसलिए, गणेश जी ने चन्द्रमा को श्राप दिया कि जो भी गणेश चतुर्थी के दिन तुमको देखेगा वह लोगों के सामने चोर कहलाएगा। श्राप की बात सुनकर चन्द्रमा घबरा गए और सोचने लगे कि फिर तो मुझे कोई भी नहीं देखेगा। उन्होंने शीघ्र ही गणेश जी से माफी मांगी। कुछ देर बात जब गणेश जी का गुस्सा शांत हुआ, तब उन्होंने कहा कि मैं श्राप तो वापस नहीं ले सकता, लेकिन तुमको एक वरदान देता हूं कि अगर वहीं व्यक्ति अगली गणेश चतुर्थी को तुमको देखेगा, तो उसके ऊपर से चोर होने का श्राप उतर जाएगा। तब जाकर चन्द्रमा की जान में जान आई। इसके अलावा एक और कहानी सुनने में आती है कि गणेश जी ने चन्द्रमा को उनका मजाक उड़ाने पर श्राप दिया था कि वह आज के बाद किसी को दिखाई नहीं देंगे। चन्द्रमा के मांफी मांगने पर उन्होंने कहा कि मैं श्राप वापस तो नहीं ले सकता, लेकिन एक वरदान देता हूं कि तुम माह में एक दिन किसी को भी दिखाई नहीं दोगे और माह में एक दिन पूर्ण रूप से आसमान पर दिखाई दोगे। बस तभी से चन्द्रमा पूर्णिमा के दिन पूरे दिखाई देते हैं और अमावस के दिन नजर नहीं आते।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा।

**तुला**: प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्ययसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

**वृषभ**: परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है।

**वृश्चिक**: यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है।

**मिथुन**: भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा।

**धनु**: नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है।

**कर्क**: जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर**: निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी।

**सिंह**: आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी।

**कुम्भ**: सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कन्या**: नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**मीन**: थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

बॉलीवुड | कान्स

# दीप्ति सधवानी ऑरेंज गाउन में दिखीं बेहद खूबसूरत

लंबे इंतजार के बाद 14 मई की रात फ्रांस के कान्स शहर में 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आगाज हुआ। ये इवेंट 25 मई 2024 तक चलने वाला है। रेड कारपेट के पहले दिन कई मशहूर सेलेब्स वॉक करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर इवेंट की कई फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इस बीच इंडियन एक्ट्रेस और सिंगर ने अपना डेब्यू भी किया, जिसका नाम है दीप्ति साधवानी। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नजर आ चुकी एक्ट्रेस दीप्ति सधवानी ने अपने डेब्यू से फैंस को सरप्राइज दे दिया। दरअसल, मीडिया में दीप्ति सधवानी के कान्स जाने की कोई खबर सामने नहीं आई थी। ऐसे में बुधवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर अपने फैंस को खुश कर दिया। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो वह ऑरेंज कलर के फुल स्लीव्स गाउन में नजर आईं, जिसे उन्होंने लॉन्ग ट्रेल वाले श्रग के साथ कैरी किया हुआ था। इस ड्रेस के अपर पोर्शन को कोर्सेट डिजाइन में ऑफ शोल्डर रखा गया था। साथ ही हाई थाई वाले इस स्लिट कट दिया गया है। अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए दीप्ति ने कानों में ऑरेंज कलर के स्टड ड्रॉप इयररिंग्स पहने हुए थे। इसके अलावा दोनों हाथों में रिंग और एक हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ किया था। इसी के साथ उन्होंने मिनिमल मेकअप किया हुआ था। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नजर आ चुकी एक्ट्रेस दीप्ति साधवानी इस रेड कारपेट पर तीन दिन तक अपना जलवा बिखेरने वाली हैं। दीप्ति ने फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम किया है। इसके अलावा उन्हें मिस नॉर्थ इंडिया का ताज भी पहनाया जा चुका है। इसके अलावा वह मिस इंडिया प्रतियोगिता के फाइनल में भी पहुंचीं थी। इसके अलावा, दीप्ति ने हरियाणा रोडवे से लेकर जीवंत लाला लाला लोरी तक कई हरियाणवी गानों पर अभिनय किया हुआ है।



# प्रियंका ने साझा की कैट के साथ पुरानी फोटो

इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हालांकि उनकी इस फिल्म की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है और इस बात की जानकारी प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी थी। प्रियंका अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर कोई ना कोई मजेदार फोटोज और वीडियोज साझा करती रहती हैं। अब प्रियंका ने एक बेहद ही पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। प्रियंका चोपड़ा ने आज कुछ ही देर पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुरानी फोटो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस फोटो में प्रियंका के साथ कैटरीना कैफ भी नजर आ रही हैं। प्रियंका ने बॉलीवुड में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए यह तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने लिखा, पता नहीं इस तस्वीर को किसने लिया था और कब यह तस्वीर ली गई थी। प्रियंका और कैटरीना की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ को देखकर आपको भी उनके पुराने दिनों की याद आ जाएगी। इस फोटो में दोनों ही अभिनेत्रियों ने बेहद हॉट अंदाज में फोटो क्लिक करवाई है। दोनों ने शिमरी टॉप पहना हुआ है, साथ ही दोनों ने मांग टीका पहना हुआ है। प्रियंका का पूरा गेटअप हरे रंग का दिखाई दे रहा है, जबकि कैटरीना गोल्डन रंग में चमचाती नजर आ रही हैं। दोनों ने टॉप के साथ जींस पहनी हुई है। प्रियंका चोपड़ा ने मदर्स डे के मौके पर बेटी मालती मैरी, मां मालती चोपड़ा और सासूमां के साथ कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिन्हें फैंस ने काफी पसंद किया था। वैसे देखा जाए तो प्रियंका सोशल मीडिया पर अक्सर ही अपनी नई फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।




# अटल सेतु देख रश्मिका मंदाना हुई खुश

रश्मिका मंदाना के पास इस वक्त एक से बढ़कर एक बड़े प्रोजेक्ट हैं। वह पुष्पा: द रूल के साथ एक बार फिर से जहां अल्लू अर्जुन के साथ मिलकर स्क्रीन पर अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगी, तो वहीं दूसरी तरफ पहली बार उनकी जोड़ी बॉलीवुड के दबंग सलमान खान के साथ सिकंदर में नजर आने वाली है। ए आर मुरुगादोस की फिल्म में कन्फर्मेशन के बाद रश्मिका मंदाना हाल ही में मुंबई पहुंचीं। हालांकि, अपनी फिल्म में होने की एक्साइटमेंट शेयर करने के साथ ही इंडिया के इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की और अटल सेतु बनने से मुंबई में ट्रैफिक से लोगों को कितना छुटकारा मिलेगा, इस बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। साथ ही रश्मिका मंदाना ने ये भी बताया कि पिछले 10 सालों में भारत में क्या-क्या बदलाव आए हैं। मुंबई में दक्षिण मुंबई के सेवरी से लेकर न्हावा तक जाने वाले अटल सेतु पुल का इनोग्रेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में किया था। इस पुल के बनने से मुंबई के लोगों को ट्रैफिक से काफी राहत मिलने वाली है। अब हाल ही में रश्मिका मंदाना ने जिस तरह से इंडिया लगातार विकसित हो रहा है उस पर कहा, अब 2 घंटे का सफर 20 मिनट में तय हो सकता है। इस बात पर शायद विश्वास करना मुश्किल लगता है, क्योंकि हमने कभी नहीं सोचा था ऐसा होना मुमकिन होगा। आज नवी मुंबई से मुंबई तक, गोवा से मुंबई तक और बेंगलुरु से मुंबई तक, इस इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ लोगों के लिए सफर करना और भी आसान होने वाला है। ये देखकर मुझे गर्व होता है। रश्मिका मंदाना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, मुझे लगता है की अब इंडिया कहीं भी रुकने वाला नहीं है। आप खुद इस देश का विकास देखिये, ये बहुत ही शानदार है। पिछले 10 सालों में इस देश ने बहुत तरक्की की है। यहां का इन्फ्रास्ट्रक्चर, हमारे देश का प्लान जैसे-सड़क प्लानिंग और अन्य चीजें ये सब बहुत ही शानदार है। अब हमारा समय आ गया है। मुझे पता चला ये सब सात सालों के अंदर हुआ है, इसकी दूरी 20 किलोमीटर की है। मैं सच कहूं तो मेरे पास शब्द भी कम पड़ रहे हैं अब। मैं बस यही कहूंगी कि इंडिया सबसे स्मार्ट देश है। रश्मिका मंदाना ने आज की युवा पीढ़ी की भी तारीफ की और कहा कि हर किसी को एक जिम्मेदार नागरिक की तरह वोट करना चाहिए।

**बोलीं- अब इंडिया नहीं रुकेगा**



अजब-गजब | कौड़ियों के दाम खरीदी पुरानी अलमारी, चमकी किस्मत


# मिले लाखों डिजाइनर आइटम्स!

अपनी जिंदगी में अक्सर हम कई बार ऐसे काम करते हैं, जिनके फायदे के बारे में हमें पता ही नहीं होता है। हमारे लिए वो सामान्य सा काम होता है लेकिन वो हमारी किस्मत खोलने की दस्तक बन जाती है। कुछ ऐसा ही एक अमेरिकन रीसेलर के साथ हुआ। वो पुरानी चीज़ों की नीलामी में हिस्सा लेकर उन्हें खरीदता और उसकी डील्स कराता था। एक दिन उसके हाथ ऐसा खजाना लगा कि वो खुद भी चौंक गया। 37 साल के इस अमेरिकन शख्स ने यूं ही एक पुरानी अलमारी खरीदी थी। उसे लगा कि वो इसकी डील कराकर पैसे कमा लेगा लेकिन उसे अंदाजा नहीं था कि अलमारी के अंदर उसे कुछ ऐसा मिल जाएगा, जो अलमारी की कीमत से सैकड़ों गुना ज्यादा होगा। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक शख्स का इससे ज़बरदस्त मुनाफा हुआ है। वेड वेंचर नाम का ये शख्स अमेरिका के ओरेगन स्टेट में रहता है। ये शख्स ऐसी चीजें खरीदने-बेचने का काम करता है। ऐसे में एक नीलामी के दौरान उसने एक पुरानी अलमारी खरीद ली। उसे लगा कि उसने कम पैसे में अच्छी डील पा ली है। उसे कल्पना नहीं थी कि वो उम्मीद से कई गुना बेहतर डील करके जा रहा है। घर पहुंचकर जब उसने स्टोरेज यूनिट को खोला, तो उसकी आंखें फटी की फटी रह गईं। दरअसल वो जिस अलमारी को महज 35000 रुपये में खरीदकर लाया था, उसके अंदर 59 लाख रुपये के डिजाइनर आइटम्स मौजूद था। शख्स के मुताबिक अलमारी में 400 जोड़ी जूते थे, जो Gucci और Coach जैसे इंटरनेशनल ब्रांड के थे। इसके अलावा करीब 9 लाख के सिर्फ फर कोट और एसेसरीज़ मौजूद थीं। सोशल मीडिया पर वेड ने जब ये बात शेयर की तो लोगों ने मज़ाक में कहा ये ज़रूर किसी महिला की अलमारी होगी, जिसने अपने पति से ये चीजें खरीदने को बोली होंगी। वेड ने बताया कि वो कई बार ऐसी चीजें पा जाते हैं, जो बिल्कुल नई होती हैं और उन्हें बेचकर अच्छे पैसे मिल जाते हैं।



# मौत के 12 घंटे बाद जिंदा हुई 3 साल की बच्ची, ताबूत के अंदर से चिल्लाने लगी मां!

जिंदगी और मौत पर किसी इंसान का बस नहीं। वो सिर्फ और सिर्फ भगवान के हाथ में है। लेकिन धरती पर डॉक्टर्स को भगवान का दर्जा दिया गया है। बड़ी से बड़ी मुश्किल हालात में ये डॉक्टर ही होते हैं, जो इंसान को मौत से खींचकर वापस ले आते हैं। लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता है। उनसे कई बार अनजाने में गलतियां भी हो जाती हैं। तब पता चलता है कि वाकई में ऊपर वाले के अलावा हमारी जिंदगी की चाबी किसी और के पास नहीं है। ऐसी ही एक गलती मेक्सिको के रहने वाले डॉक्टर ने कर दी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इलाज के लिए आई लड़की को इस डॉक्टर ने मरा हुआ घोषित कर दिया, लेकिन अंतिम संस्कार से ठीक पहले बच्ची जिंदा हो गई। सोशल मीडिया पर ये मामला वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि मेक्सिको की रहने वाली 3 वर्षीय कैमिला रोक्साना पेट में इन्फेक्शन से परेशान थी। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टर्स उसे ठीक नहीं कर पाए। बाद में उन्होंने देखा कि कैमिला की सांसें रुक गई हैं। ऐसे में उन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया था। इससे कैमिला के मां-बाप की हालत खराब हो गई। वे बेहद दुखी थे। लेकिन मरने के बारह घंटे बाद अचानक चमत्कार हो गया। कैमिला की मां को ऐसा लगा कि ताबूत में बंद उसकी बच्ची उसे पुकार रही है। वो तुरंत ताबूत खोलने लगी, लेकिन लोग रोकने लगे। बाद में काफी प्रयास के बाद ताबूत खोला गया तो बात सच साबित हुई। बच्ची ताबूत में उठकर बैठ गई। ये मामला मेक्सिको के सैन लुइस पोटोसी में 17 अगस्त 2022 का है, लेकिन सोशल मीडिया पर ये कहानी वायरल हो रही है। सवाल यह उठता है कि ताबूत में बैठी बच्ची जब जिंदा थी, तो डॉक्टरों ने उसे मरा हुआ घोषित क्यों कर दिया? इस सवाल के जवाब में चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची को पेट के इन्फेक्शन के बाद सालिनास डी हिडाल्गो कम्युनिटी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान उसके दिल की धड़कन रुक गई थी। सांस भी रुक गई थी। ऐसे में डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया था। लेकिन बाद में बच्ची जिंदा हो गई। लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं। मासूम बच्ची की मौत की खबर से मां-बाप टूट गए थे। लेकिन 3 साल की मासूम की मां को यकीन नहीं हो पा रहा था कि उसकी बच्ची मर गई। वो यह मानने को तैयार नहीं थी कि पेट में इन्फेक्शन के बाद हुए बुखार के कारण बच्ची की मौत सकती है। वो बार-बार चिल्ला रही थी कि उसकी बेटी मरी नहीं है। लेकिन परिवार के लोग और डॉक्टर्स इसे सदमा समझने लगे। बच्ची की बॉडी को भी उसकी मां से दूर रखा गया था। अगले दिन भी जब अंतिम संस्कार से ठीक पहले कैमिलिया की मां कहने लगी कि उसकी बच्ची ताबूत में हिल रही है, तो लोगों को भरोसा नहीं हुआ। आखिरकार बच्ची अंदर से रोने लगी और अपनी मां को आवाज देने लगी। लोग चौंक गए और तुरंत ताबूत खोला तो देखा कि बच्ची जिंदा है। वो उठकर ताबूत में बैठ गई।




# राहुल गरीबों के लिए लड़ने वाले योद्धा : खरगे

## » जिस सत्ता को सोनिया गांधी ने ठुकरा दिया था उस पर मोदी की नजर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक सार्वजनिक बैठक में बोलते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोगों को खाने के लिए भोजन नहीं मिल रहा है, नौकरियां नहीं मिल रही हैं, इसके बारे में कुछ करें। लेकिन उन्हें (पीएम मोदी) इसकी नहीं बल्कि सत्ता की चिंता है। जो सत्ता सोनिया गांधी ने ठुकरा दिया था, उस सत्ता पर इनकी आंखें हैं। रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी रायबरेली के शेर हैं, गरीबों के लिए लड़ने वाले सिपाही हैं। रायबरेली को फिरोज गांधी जी से लेकर इंदिरा गांधी जी, सोनिया गांधी जी सभी ने संभाला है।**

अब राहुल जी संभाल रहे हैं। खरगे ने कहा कि वे कहते हैं कि रायबरेली हमारी कर्मभूमि है, हम यहीं से लड़ेंगे और यहीं पर अपने लोगों का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। यह देश के भविष्य को बनाने का चुनाव है। इस देश के दलित, पिछड़े, आदिवासी, गरीब और किसानों को बचाने का चुनाव है। अगर इसमें कोई भूल हो गई तो देश में संविधान का राज बंद हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सोनिया गांधी ने सांसद निधि का 70 प्रतिशत से अधिक अल्पसंख्यकों पर खर्च किया वाली टिप्पणी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सांसद निधि में 5 करोड़ रुपये हैं, भाजपा अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है और यहां अगर सड़कों के निर्माण पर 1 करोड़ रुपये खर्च किया जाता है, तो क्या यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने सबका ख्याल रखा है। वह बंटवारे की राजनीति नहीं करतीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। रायबरेली के हरचंदपुर के सराय उमर गांव में उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए नरेंद्र मोदी नए-नए हथकंडे अपना कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। अमेठी के डीह क्षेत्र के कांटा बाग में खरगे ने कहा कि यह चुनाव हार या जीत का नहीं, बल्कि देश की रक्षा, लोकतंत्र बचाने, संविधान की रक्षा का है। अगर आप इसे बचा नहीं पाए तो संविधान खत्म हो जाएगा और आप गुलाम हो जाएंगे। संविधान बचेगा तो हम बचेंगे। मोदी झूठों के सरदार हैं।




## रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायबरेली के बथुआ में बड़ा दावा करते हुए कहा कि रायबरेली के लोग सिर्फ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि स्व. इंदिरा गांधी के बाद अब रायबरेली के लोग देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। रायबरेली के लोग सिर्फ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि स्व. इंदिरा गांधी जी के बाद अब रायबरेली के लोग देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। पूर्व सीएम ने रायबरेली के आशानंदपुर में उन्होंने कहा कि देशभर में मतदान को लेकर जनता में अंडर करेंट चल रहा है। मोदी सरकार इस अंडर करंट से बेहद घबराई हुई है।

## मप्र के सीएम मोदी के चापलूस : पटवारी

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन के विजन को प्रमुखता के साथ जनता तक पहुंचने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि मीडिया ने कांग्रेस - इंडिया गठबंधन का जो विजन था उसे जनता तक पहुंचाया। जीतू पटवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दुखद परिणाम के बाद भी कार्यकर्ताओ ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा। इस बीच जीतू पटवारी ने एमपी बीजेपी के 29 पार वाले संकल्प पर निशाना साधते हुए कहा आखिरी चरण में तो बीजेपी ने दावा ही नहीं किया। जो 29 सीट जीतने का दावा वो कर रही थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव के बीच बहुत सारी झूठी बातें बोली,कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर आरोप लगाया की मंगलसूत्र छीन लेंगे,जिसे दुनियाभर में क्रिटिसाइज किया गया। झूठ और मोदी का चोली दामन का साथ है। जीतू पटवारी ने कहा कि मोदी केवल नफरत, घृणा और बटवारे की राजनीति करते हैं। बीजेपी के किसी नेता ने अपने विजन डॉक्यूमेंट का जिक्र नहीं किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आदिवासियों का अपमान किया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने बंगाल में झूठ बोला। उन्होंने कहा की महिलाओं को एमपी में 3 हज़ार रुपए मिल रहे है। यह चाइना का माल मोदी की गारंटी है। इस बीच जीतू पटवारी ने दावा करते हुए कहा कि लोकसभा का परिणाम आश्चर्यजनक होगा, एमपी कांग्रेस डबल डिजिट में सीट ले आए तो आश्चर्य नहीं होगा।



## महिलाओं से ज्यादा कपड़े बदलते हैं पीएमः प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी महिलाओं से भी ज्यादा कपड़े बदलते हैं। प्रियंका ने कहा कि बीते 10 सालों में मोदी ने चंदा लेकर भाजपा को विश्व की सबसे अमीर पार्टी बना दिया, जबकि कांग्रेस 70 सालों में भी नहीं बन सकी। देश का गरीब किसान कर्ज नहीं भर पाता है। मोदी किसान का कर्ज माफ नहीं कर सके और अपने 22 उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। कांग्रेस महासचिव ने यहां अलग-अलग जगह आयोजित नुक्कड़ सभाओं में कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो आपकी दो भैंसों में एक छीनकर दूसरे को दे देगी। मोदी जी लोगों को डरा रहे हैं।

# जज कहीं के राजकुमार नहीं लोगों को सेवा देने वाले : चंद्रचूड़

## » ब्राजील के शिखर सम्मेलन में सीजेआई ने किया संबोधित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**ब्राजील। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने जी20 शिखर सम्मेलन (सुप्रीम कोर्ट के प्रमुखों और जी20 सदस्यों के संवैधानिक न्यायालयों के प्रमुखों के) में अपने संबोधन में कहा कि न्यायाधीश न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु, बल्कि लोगों को सेवा देने वाले और उनके अधिकारों की रक्षा करने वाले समाजों के प्रवर्तक हैं।**

सीजेआई ने कहा कि न्यायाधीश शायद एकमात्र सार्वजनिक पदाधिकारी हैं जो ऊंचे मंच पर बैठे हैं, जो अवमानना के लिए दंडित करते हैं और चुनावी नुकसान के डर के बिना अलग-अलग निजी कक्षों में दूसरों के जीवन के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं।



जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अब हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निर्णय लेने की व्यवस्था की व्याख्या के बारे में बातचीत कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि एआई ब्लैक बॉक्स में निर्णय नहीं ले सकता है और इस बात का स्पष्टीकरण होना चाहिए कि उसने इस तरह से निर्णय क्यों लिया। न्यायाधीशों के रूप में, हम न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं जो स्वयं स्पष्टीकरण की आवश्यकता से ऊपर हैं।


# ईडी का शाइस्ता के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

## » धन शोधन मामले में की कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 14 मई को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी ने दिसंबर, 2021 में दंपति की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने मारे गए गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ कथित तौर पर करोड़ों रुपये की उगाही से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।**

ईडी ने एक बयान में कहा कि लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने 14 मई को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी ने दिसंबर, 2021 में दंपति की 8.14 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की थी। इसमें परवीन के नाम पर



पंजीकृत प्रयागराज के फूलपुर का एक भूखंड और अहमद के 10 खातों एवं परवीन एक खाते में पड़े 1.28 करोड़ रुपये का बैंक बैलेंस भी शामिल था। धन शोधन का मामला जबरन वसूली, धोखाधड़ी और संपत्ति के अवैध कब्जे से संबंधित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने कहा कि बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर अतीक-परवीन के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, जालसाजी, जमीन कब्जा करने और इस तरह के अन्य अपराधों से संबंधित दर्ज कई मामलों को इसमें शामिल किया गया। पिछले साल अपने पति की हत्या के बाद से परवीन फरार बताई जा रही है। अप्रैल, 2023 में अतीक अहमद (60) और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की तीन हमलावरों ने तब गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब उन्हें प्रयागराज में पुलिस स्वास्थ्य जांच के लिए ले जा रही थी।

## झारखंड के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

रांची। झारखंड के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच,प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि हाल ही में आलम के सचिव और उनके नौकर के घर से 36 करोड़ नकदी जब्त की गई थी, इसी मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा, आलम की मेडिकल जांच के बाद सदर अस्पताल रांची के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मयूख कुमार ने बताया कि वह ठीक हैं लेकिन बीपी थोड़ा बढ़ा हुआ था लेकिन यह सामान्य सीमा के भीतर है। वह बीपी/शुगर की दवाएं लेते हैं और उन्हें दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई है।


# सैम करन की उम्दा पारी से पंजाब की जीत

## » किंग्स ने रॉयल्स को 5 विकेट से दी मात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**गुवाहाटी। गुवाहाटी में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच में कप्तान सैम करन (नाबाद 63 रन) के तेज तर्रार अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। लक्ष्य हालांकि महज 145 रनका था। लेकिन पंजाब किंग्स को धीमी पिच पर इस तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और उसने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाये।**

कप्तान करन (41 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के) ने संयम और कौशल से खेलते हुए टीम को सत्र की पांचवीं जीत दिलायी। करन ने गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी झटके। करन को जितेश शर्मा (22 रन 20 गेंद, का अच्छा साथ मिला। इस जोड़ी ने पांचवें विकेट के लिए 63 रन की भागीदारी निभायी। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार चौथी हार थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर प्रभसिमरन सिंह का विकेट खो दिया। आवेश खान (28 रन देकर दो विकेट) ने पांचवें ओवर में दो विकेट झटक लिये। पहले उन्होंने रिली रोसोऊ को और फिर फॉर्म में चल रहे शशांक सिंह को आउट किया। करन और जितेश ने फिर पारी को आगे बढ़ाया।



## राजस्थान की टीम दूसरे स्थान पर

रास्थान की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और अभी 16 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान के लिए पराग ने 34 गेंद की पारी के दौरान छह चौके जमाये जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 19 गेंद में तीन चौके, एक छक्के से 28 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी निभाकर पारी को रफ्तार देने की कोशिश की लेकिन उनके प्रयास कामयाब नहीं रहे। यशस्वी जायसवाल का विकेट खोने के बाद राजस्थान की पारी की रन गति धीमी हो गयी। जायसवाल की पारी का अंत सैम करन (24 रन देकर दो विकेट) ने बोल्ड करके किया।आईपीएल करियर में पहली बार एक सत्र में 500 रन का आंकड़ा पार करने वाले संजू सैमसन (18 रन) और टॉम कोहलर कैडमोर (18 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े।



# मालीवाल विवाद पर भाजपा के निशाने पर आए केजरीवाल

## बीजेपी ने शेयर की बिभव कुमार की सीएम संग फोटो बोली- अपने पीए को बचा रहे मुख्यमंत्री

### » आप ने कहा- अपने गिरेबां में भी देखे बीजेपी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**हमला केजरीवाल के इशारे पर किया गया : पूनावाला**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और डीसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल का विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। दरअसल,कथित हमले के आरोपों में घिरे निजी सहायक बिभव कुमार लखनऊ एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ दिखाई दिए हैं। इसकी एक फोटो बीजेपी ने वायरल करके आप को घेरा है। बिभव कुमार की अरविंद केजरीवाल के साथ यह तस्वीर ऐसे समय आई है, जब दो दिन पहले ही आप नेता संजय सिंह ने स्वीकार किया था कि स्वाति मालीवाल के साथ बिभव ने बदसलूकी की थी। उन पर अरविंद केजरीवाल कार्रवाई करेंगे।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को दावा किया कि तस्वीर से अब सबकुछ स्पष्ट हो गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने निजी सहायक बिभव कुमार को बचा रहे हैं। पूनावाला ने गुरुवार को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से लखनऊ हवाई अड्डे पर आप नेताओं की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि 72 घंटे में विभव कुमार पर कोई एफआईआर नहीं हुई, केजरीवाल बचा रहे हैं। बिभव को साथ घूम रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि मालीवाल पर हमला केजरीवाल के इशारे पर किया गया और उनके साथ हिंसा की गई। पूनावाला ने कहा कि यह स्पष्ट है, स्वाति मालीवाल पर हमला केजरीवाल के इशारे पर किया गया था, शीश महल अपराध महल है, द्रौपदी चीरहरण की तरह एक महिला राज्यसभा सांसद पर हमला किया गया था। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि मालीवाल को अब उनकी पार्टी चुप रहने या अपनी कहानी बदलने के लिए मजबूर कर रही है, यही कारण है कि उन्होंने पुलिस से संपर्क नहीं किया है।



### केजरीवाल के तोते हैं संजयः नवीन जयहिंद

राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से अभद्रता मामले में हरियाणा से नवीन जयहिंद ने इस मामले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इस प्रकरण में आप के नेताओं को भी लपेटा है। आप के पूर्व नेता नवीन जयहिंद ने कहा कि संजय सिंह खुद किस तरह से राज्यसभा गए हैं ये बात वो भी जानते हैं और मैं भी।वे केवल अरविंद केजरीवाल के तोते हैं जो उनके इशारे पर काम करते हैं। संजय सिंह को पहले ही इस घटना के बारे में पता था कि ऐसा होगा... वे एक्टिंग कर रहे हैं... ये भाजपा-कांग्रेस या आप का मामला नहीं है... आप(संजय सिंह) तो स्वाति मालीवाल को छोटी बहन कहते थे। उन्होंने मांग की कि जब ये घटना हुई तो वहां पर मौजूद सभी लोगों पर एफआईआर होनी चाहिए।

### मणिपुर और रेवन्ना पर क्यों चुप हैं मोदी : संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा कि मणिपुर में कारगिल के एक शहीद की पत्नी को निर्वस्त्र कर घुमाया गया, इस बात से हर कोई और पूरा देश आज भी आहत है। सैकड़ों महिलाओं के साथ दरिंदगी की गई, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री चुप रहे। प्रज्वल रेवन्ना ने हजारों महिलाओं के साथ बलात्कार और क्रूरता की, जिनमें कुछ उसकी मां की उम्र की भी थीं। सांसद संजय सिंह डीडीयू मार्ग स्थित स्वाति मालीवाल के आवास पर पहुंचे। दिल्ली महिला आयोग की सदस्य वंदना सिंह भी उनके साथ थीं। दोनों में काफी देर तक इस मसले पर बात हुई। इसके बाद मीडिया से बात किए बिना दोनों लौट गए। माना जा रहा है कि अभी भी मामला पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। मालीवाल को मनाने की कोशिश आप के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से की जा रही है।

### इसके अलावा भी कई मुद्दे हैं : अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर उनके सहयोगी विभव कुमार द्वारा आप सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अन्य मुद्दे भी हैं जो अधिक महत्वपूर्ण हैं। जब एक पत्रकार ने पूछा कि उन्होंने कथित मारपीट मामले पर अब तक कोई टिप्पणी क्यों नहीं की, तो अखिलेश यादव ने कहा, और भी मुद्दे हैं जो इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। जब वह हमले के मामले से संबंधित सवाल को टालते रहे, तो केजरीवाल, जो अखिलेश यादव और संजय सिंह के बीच में बैठे थे, ने माइक्रोफोन संजय सिंह की ओर बढ़ा दिया।



## विपक्ष ने गांधी जी का भरोसा तोड़ा : मोदी

### » यूपी के लालगंज में लोगों से की ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



आजमगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के लालगंज में जनता को संबोधित करते हुए उनसे अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा मजे की बात यह है कि गांधी का नाम लेकर सत्ता की सीढ़ियां लोग चढ़ गए थे। इन लोगों ने महात्मा गांधी का भरोसा तोड़ा, मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है, इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है। कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो चुका है।

ये वो लोग हैं, जो शरणार्थी बनकर लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं, ये वो लोग हैं, जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे। पीएम मोदी ने जनता से कहा, मेरा एक करेंगे? क्या करेंगे? एक काम करना, ज्यादा से ज्यादा परिवारों को मिलना, ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलना और कहना कि अपने मोदी जी आए थे और मोदी जी ने परिवार के सब लोगों को राम राम कहा है। उन्होंने कहा कि मेरा एक काम करिएगा। मतदान ज्यादा होना चाहिए।

## फ्लाइट में टिशू पेपर पर बम लिखा मिला लोग घबराए

### » दिल्ली से वडोदरा जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में मची अफरा-तफरी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। आईजीआई पर दिल्ली से वडोदरा जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर देखा जिस पर बम लिखा था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम को 'बम' लिखा टिशू पेपर मिलने के बाद विमान की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जब चालक दल के सदस्य ने बम लिखा टिशू पेपर देखा उस समय विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था।

## इंडिया गठबंधन जीतेगा 300 सीटेंः डीके

### » कर्नाटक के डिप्टी सीएम बोले- पीएम का फैसला चुनाव बाद होगा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री व कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन 300 सीटों पर जीत हासिल करेगा। इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बनने वाली। इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने पर प्रधानमंत्री कौन होगा? इस पर शिवकुमार ने कहा कि इसका निर्णय बाद में होगा। हम संयुक्त नेतृत्व में विश्वास करते हैं। वह बृहस्पतिवार को लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

डीके ने कहा है कि हमने कर्नाटक में सरकार बनने से पहले जिन गारंटी का वादा किया था सरकार में आने के बाद उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 10 किलो फ्री राशन, 200 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह, महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा और युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि कर्नाटक में पांच किलो राशन और पांच किलो का पैसा दे रहे हैं। अगर इंडिया गठबंधन की सरकार केंद्र में बनी तो ये सभी गारंटी पूरे देश में लागू करेंगे।

# नोएडा और इंदौर हादसे में दस की मौत

### » बीएमडब्ल्यू ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, हादसे में 2 की मौत, 3 घायल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। नोएडा में गुरुवार सुबह 6 बजे एक बीएमडब्ल्यू कार चालक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में महिला नर्स समेत दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे में ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए।

पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। सेक्टर 24 के थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह 6 बजे के करीब एक ई रिक्शा पर चालक समेत 5 लोग सवार थे जो सिटी सेंटर की ओर से 12/22 की तरफ जा रहे थे, तभी सेक्टर 35 स्थित सुमित्रा हॉस्पिटल के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही बीएमडब्ल्यू ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में 5 लोग घायल हो गए,बाद में मेट्रो हॉस्पिटल स्टाफ नर्स रश्मि और मोहम्मद मुस्तफा की मौत हो गई। वहीं रिक्शा चालक राजेंद्र, पवन और सूरज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमडब्ल्यू कार में सवार सेक्टर 41 निवासी तुषार और आदि को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जबकि कार में सवार एक अन्य व्यक्ति अमन सिसोदिया मौके से फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### खड़े डंपर से टकराई कार, आठ की मौत

इंदौर। इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर देर रात हुए भीषण हादसे की तस्वीरें सामने आई हैं। इन्हें देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बता दें कि हादसा बुधवार रात करीब 11 बजे घाटाबिल्लौद के पास हुआ था। पुलिस को रात में सूचना मिली थी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार में नौ लोग सवार थे। जो तेज रफ्तार में थी, सड़क किनारे रेत से भरा डंपर खड़ा था, जिससे कार पीछे से जा भिड़ी। हादसा इतना खतरनाक था कि कार पूरी तरह पिचक गई। उसमें बैठे लोग उसी में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को निकालने की कोशिश शुरू की। शव इतनी बुरी तरह फंसे थे, कि उन्हें निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत की गई। शवों की तस्वीरें भयावह थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रूपेश कुमार द्विवेदी ने बताया, हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल है। आशंका है कि डंपर रेती से भरा हुआ था, क्योंकि घटना स्थल पर रेती बिखरी हुई है।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** – संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in |
**RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।